an>

Title: Need to expose Pakistan at International forum for their involvement in terrorist activities against India.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : अध्यक्ष महोदया, यह एक बहुत महत्वपूर्ण विÂाय है और इसके बारे में अभी आदरणीय गृह मंत्री जी ने वक्तव्य भी दिया है। मुम्बई में 26/11 की आतंकी घटना के दौरान जिंदा पकड़े गए आतंकवादी अजमल कसाब के बाद कल हमारे जांबाज सैनिकों ने लश्कर-ए-तोएबा के आतंकवादी, जिसने अपना नाम मोहम्मद नावेद बताया है, उसे जिंदा पकड़ा है। इस आतंकवादी ने साफ तौर पर स्वीकार किया है कि वह पाकिस्तानी है और इनके सारे आक़ा पाकिस्तान में बैठकर समय-समय पर भारत में आतंकवादी घटनाओं को अंज़ाम देते रहे हैं। कल भी हमारे दो सैनिक शहीद हो गए।

दिनांक 27 जुलाई, 2015 को पंजाब के गुरदासपुर में हुई आतंकवादी घटना का जिम्मेदार भी पाकिस्तान है। पाक सरकार के बार-बार इन्कार के बाद अभी हाल ही में पाकिस्तानी फेडरल एजेंसी के पूर्व प्रमुख तारिक़ कोसा ने स्वीकार किया कि मुम्बई में 26/11 को जो हमला हुआ, उसमें पाकिस्तान का हाथ है।

महोदया, मेरा आदरणीय गृह मंत्री जी से निवेदन है कि जब तक पाकिस्तान, भारत में आतंकवादियों को भेजना बंद नहीं करता, एवं 26/11 तथा गुरदासपुर की घटना की जांच करने में सहयोग नहीं देता, तब तक उससे कोई बातचीत न की जाए। दिनांक 23-24 अगस्त को भारत और पाकिस्तान के राÂट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की प्रस्तावित बैठक को रद्द किया जाए और ऐसे देश से कोई बातचीत न हो। साथ ही, इस ज़िंदा पकड़े गए आतंकवादी के सहारे पाकिस्तान को अन्तरराÂट्रीय मंच पर बेनकाब किया जाए, ऐसी मेरी मांग है।

माननीय अध्यक्ष : श्री सुधीर गुप्ता, डॉ. वीरेन्द्र कुमार, डॉ. किरिट पी. सोलंकी, श्री रवीन्द्र कुमार जेना, कुमारी शोभा कारान्दलाजे एवं श्री श्रीरंग आप्पा बारणे को श्री चन्द्रकांत खैरे द्वारा उठाए गए विÂाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।